# किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी
# नामकुम, रांची
# 11-12 फरवरी, 2021

निदेशक वन उत्पादकता संस्थान, रांची के नेतृत्व एवं समूह समन्वयक (अनुसंधान) के मार्गदर्शन में दिनांक 11.02.2021 एवं 12.02.2021 को भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान, नामकुम द्वारा आयोजित किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी कार्यक्रम में वन उत्पादकता संस्थान, रांची ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में संस्थान की ओर से निदेशक, डॉ. नितिन कुलकर्णी एवं समूह समन्वयक (अनुसंधान) डॉ. योगेश्वर मिश्रा एवं मुख्य तकनीकी अधिकारी, श्री रवि शंकर प्रसाद ने भाग लिया। इस मेले में संस्थान द्वारा एक स्टाल भी लगाया गया जिसमे बांस पौधशाला तकनीक, बांस रोपण तकनीक, बांस परिचय एवं उपयोग, टिशू कल्चर द्वारा बांस तैयार करने की तकनीक, बांस के साथ कृषि वानिकी एवं लाह उत्पादन के सम्बन्ध में पोस्टर के माध्यम से जानकारी दी गई। इसके अलावा कृषकों के बीच पठन सामग्री के रुप में निशुल्क पम्पलेट और लीफलेट का वितरण भी किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों और लाह के साथ बांस के सम्बन्ध में जानकारी दी गई है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी और संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) डॉ. योगेशर मिश्रा ने भी स्टाल का भ्रमण किया। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य तकनीकी अधिकारी श्री रवि शंकर प्रसाद ने किसान गोष्ठी में विशेषज्ञ के रूप में बांस के उत्पादन और उपयोगिता के संबंध में विशेष व्याख्यान दिया और किसानों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। मुख्य मंत्री माननीय श्री हेमंत सोरेन ,कृषि मंत्री माननीय श्री बादल पात्रलेख और स्थानीय विधायक द्वारा स्टाल भ्रमण के समय माननीय द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया गया। इस अवसर पर संस्थान के श्री रवि शंकर प्रसाद, श्री सूरज कुमार और श्री अभिमन्यु कुमार उपस्थित रहे| माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी को भेंट स्वरुप बारह किताबें प्रदान की गई। मेले में संस्थान द्वारा बांस के विभिन्न प्रजाति (रोपा बांस, तरल बांस, पीला बांस, लाठी बांस, भालु बांस एव काला बांस) के पौधों को प्रदर्शन के लिए रखा गया और उसके विषय में जानकारी दी गई। इस मेले में संस्थान द्वारा लगाये गये स्टाल का लगभग 250 लोगों ने भ्रमण किया जिसमें अति विशिष्ट एवं विशिष्ट लोगों के अलावा किसान एवं कुछ संस्थानों के वैज्ञानिक भी शामिल रहे तथा 210 लोगों ने उपस्थिति पंजी में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी जिन्हें

निशुल्क पठन सामग्री वितरित किया गया। आयोजित मेले में भाग लेने के लिये संस्थान को भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान, नामकुम, रांची द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।












**मेले की झलकियां**







**झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री का स्टाल भ्रमण**


वन उत्पादकता संस्थान
Institute of Forest Productivity
(Indian Council of Forestry Research & Education)
2021 02 11


वन उत्पादकता संस्थान
Institute of Forest Productivity
2021 02 12


वन उत्पादकता संस्थान
Institute of Forest Productivity
(Indian Council of Forestry Research & Education)
2021 02 11


2021 02 11


2021 02 12


2021 02 12

**मेले की झलकियां**

भाकृअनुप-भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान

**ICAR - Indian Institute of Natural Resins and Gums**

नामकुम, राँची; Namkum, Ranchi - 834010

भा.प्रा.रा.गो.सं. IINRG

# Certificate for Participation

Certificate No. 11 /2021/ST

This is to certify that Institute of Forest Productivity, Ranchi

has actively participated in ***Kisan Gosthi*** during

**Kisan Mela -cum-Technology and Machinery Exhibition-2021**

**organized at ICAR-IINRG, Ranchi on February 11-12, 2021**

*(Nirmal Kumar)*
*Convener*

*(K.K. Sharma)*
*Director*